**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1310**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## बिहार में एनएसएपी

1310. श्री राजेश रंजन:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने निराश्रितों , गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों (बीपीएल) और कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) बिहार राज्य में एनएसएपी योजनाओं के लाभार्थियों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है और विगत तीन वर्षों के दौरान योजना-वार कितनी धनराशि जारी की गई;

(ग) क्या सरकार ने यह पता लगाने के लिए कोई कार्रवाई की है कि बिहार में उन व्यक्तियों की सही संख्या कितनी है जो एनएसएपी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं , पर उन्हें इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है; और

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का विचार है कि बिहार में सभी पात्र व्यक्तियों को एनएसएपी योजनाओं का लाभ मिले?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) जी, हां। 15 अगस्त, 1995 को आरंभ किए गए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) पूरे देश में एक सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के रूप में लागू किया गया है , जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे रहने वाले समाज के कमजोर वर्गों जैसे वृद्धों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करना है। पिछले कुछ वर्षों में इस कार्यक्रम में संरचना, पात्रता मानदंड और वित्त पोषण पैटर्न के संदर्भ में कई बदलाव हुए हैं। पात्रता मानदंडों के साथ एनएसएपी के तहत शामिल योजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) बिहार राज्य में एनएसएपी योजनाओं के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या का जिला-वार विवरण **अनुबंध-I।** में दिया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएसएपी के तहत बिहार राज्य के लिए जारी की गई निधियों का योजना-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| **योजना** | **वि.व. 2021-22 (रु. करोड़ में)** | **वि.व. 2022-23 (रु. करोड़ में)** | **वि.व. 2023-24 (रु. करोड़ में)** |
|---|---|---|---|
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएनओएपीएस) | 998.05 | 1006.18 | 1153.55 |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) | 233.45 | 235.34 | 235.49 |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस) | 46.78 | 46.78 | 47.13 |
| राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस) | 0 | 0 | 36.93 |

(ग) से (घ) : एनएसएपी के दिशानिर्देशों के अनुसार , सामाजिक-आर्थिक और स्वास्थ्य स्थितियों के आधार पर लाभार्थियों को प्राथमिकता देने की नीति का पालन करना राज्यों की जिम्मेदारी है। बिहार सहित सभी राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में 2021-26 के लिए लाभार्थियों की राज्यवार सीमा के साथ परिव्यय को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। हालांकि, यदि योग्य लाभार्थी अधिक हैं , तो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास उन्हें अपने संसाधनों से पेंशन देने का विकल्प है।

**बिहार में एनएसएपी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1310 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध-I**

**पात्रता मानदंडों के साथ-साथ एनएसएपी के अंतर्गत शामिल की गई योजनाओं का ब्यौरा**

| योजना | सहायता राशि | पात्रता मांनदंड |
|---|---|---|
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना | 200 रु. | 60-79 वर्ष के आयु वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वरिष्ठ नागरिक |
| | 500 रु. | 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले वरिष्ठ नागरिक |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना | 300 रु. | 40-79 वर्ष के आयु वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा महिला |
| | 500 रु. | 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा महिला |
| इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना | 300 रु. | 18-79 वर्ष के आयु वर्ग में 80% दिव्यांगता के साथ गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति |
| | 500 रु. | 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांग व्यक्ति |
| राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस)* | 20,000 रु. | 18-59 वर्ष की आयु के प्राथमिक जीविकोपार्जक की मृत्यु पर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के उत्तरजीवी मुखिया |
| अन्नपूर्णा* | प्रत्येक माह 10 किलो अनाज | वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त न करने वाले बीपीएल वरिष्ठ नागरिक |

*एनएफबीएस और अन्नपूर्णा मांग आधारित योजना है।

बिहार में एनएसएपी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1310 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध ।।

विगत तीन वर्षों के दौरान एनएसएपी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा

(इकाई संख्या में)

| क्र.सं. | जिले | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 136724 | 136739 | 136760 |
| 2 | औरंगाबाद | 75663 | 75669 | 75684 |
| 3 | बांका | 77128 | 77133 | 77138 |
| 4 | बेगूसराय | 117330 | 117340 | 117351 |
| 5 | भागलपुर | 143999 | 144004 | 144027 |
| 6 | भोजपुर | 109435 | 109443 | 109463 |
| 7 | बक्सर | 75553 | 75574 | 75605 |
| 8 | दरभंगा | 191931 | 191943 | 191950 |
| 9 | गया | 165915 | 165938 | 166026 |
| 10 | गोपालगंज | 87310 | 87325 | 87335 |
| 11 | जमुई | 67058 | 67063 | 67087 |
| 12 | जहानाबाद | 40307 | 40311 | 40339 |
| 13 | कैमूर (भभुआ) | 69789 | 69799 | 69841 |
| 14 | कटिहार | 115875 | 115886 | 115890 |
| 15 | खगरिया | 71361 | 71368 | 71384 |
| 16 | किशनगंज | 90904 | 90922 | 90933 |
| 17 | लखीसराय | 42577 | 42579 | 42589 |
| 18 | मधेपुरा | 91226 | 91232 | 91234 |
| 19 | मधुबनी | 282482 | 282521 | 282542 |
| 20 | मुंगेर | 54147 | 54163 | 54182 |
| 21 | मुजफ्फरपुर | 266808 | 266830 | 266858 |
| 22 | नालन्दा | 143257 | 143291 | 143386 |
| 23 | नवादा | 88613 | 88618 | 88631 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | पश्चिम चंपारण | 151954 | 151983 | 152068 |
| 25 | पटना | 304032 | 304073 | 304109 |
| 26 | पूर्वी चंपारण | 211231 | 211245 | 211264 |
| 27 | पूर्णिया | 143547 | 143570 | 143583 |
| 28 | रोहतास | 109195 | 109207 | 109258 |
| 29 | सहरसा | 96364 | 96369 | 96374 |
| 30 | समस्तीपुर | 154953 | 154971 | 155048 |
| 31 | सारण | 159953 | 159959 | 159961 |
| 32 | शेखपुरा | 28514 | 28521 | 28535 |
| 33 | शिवहर | 35179 | 35177 | 35178 |
| 34 | सीतामढ़ी | 157065 | 157083 | 157084 |
| 35 | सिवान | 117909 | 117912 | 117913 |
| 36 | सुपौल | 88702 | 88716 | 88723 |
| 37 | वैशाली | 197063 | 197120 | 197163 |
| 38 | अरवल | 35196 | 35197 | 35206 |
| | **कुल** | **4596249** | **4596794** | **4597702** |

(स्रोत: एनएसएपी पीपीएस पोर्टल)